- क्षेत्र में खाद्य बिजनेस ओपरेटरों के लिए लाइसेंसीकरण और पंजीकरण के कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। नागालैंड खाद्य आपूर्ति के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है क्योंकि राज्य में बहुत ही कम खाद्य निर्माण उद्योग मौजूद हैं। हालांकि, अध्यक्ष ने बताया कि केवल बड़े उद्योगों लेकिन छोटे एफबीओ और खुदरा व्यापारियों को भी पंजीकरण कराने या लाइसेंस की आवश्यकता है, इसलिए पंजीकरण और लाइसेंसीकरण के प्रणाली तुरंत विकसित किए जाने की आवश्यकता है।
- आईटी आधारित पंजीकरण प्रणाली शुरु की जा चुकी है।

- राज्य में एक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला है, जिसके लिए अंतर विश्लेषण किया जा चुका है और अपग्रेडेशन की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। सार्वजनिक विश्लेषक को खाद्य विश्लेषक के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- जिला मजिस्ट्रेट को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- खाद्य सुरक्षा अपील न्यायाधिकरण की स्थापना अब तक शुरु नहीं की गई है।
- कोई विशेष अदालत की स्थापना नहीं की गई है और किसी सार्वजनिक वकील की नियुक्ति नहीं की गई है।
- खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण किया जा चुका है, लेकिन नामित अधिकारी के लिए, प्रशिक्षण की योजना नहीं बनाई गई है।
- एक खाद्य सुरक्षा योज्ना का विकास कार्य शुरु नहीं किया गया है, चूंकि यह एक नया क्षेत्र है, अतः एफएसएसएआई की ओर से स्थिर मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता है।

14) गुजरातः

- खाद्य सुरक्षा आयुक्त अधिसूचित किए गए हैं, 31 डीओ, 165 एफएसओ और 10 सार्वजनिक विश्लेषकों को अधिसूचित किय गया है।
- डीओ के 19 पद और एफएसओ के 25 नए पदो की मंजूरी के लिए प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है।
- राज्य में 6 प्रयोगशालाएं हैं, जिनमें से 3 प्रयोगशालाएं राज्य सरकार की हैं और 3 प्रयोगशालाएं कॉर्पोरेशन की हैं। इनमें से, 1 प्रयोगशाला एनएबीएल से मान्य है।
- राज्य ने 22 जन जागरुक कार्यक्रम आयोजित किया है। राज्य सरकार नए अधिनियम के बारे में जन–जागरुकता फैलाने के लिए प्रिंट और मास मीडिया जैसे दूरदर्शन से जुड़ी हुई है।
- लाइसेंसीकरण और पंजीकरण प्रक्रिया शुरु हो गई है, राज्य में आयोजित होने वाले स्थानीय मेले के लिए 200 अस्थाई लाइसेंस और पंजीकरण किए जा चुके हैं।
- 55 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण किया जा चुका है।
- खाद्य सुरक्षा के लिए उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में एक प्रयोगशाला को अपग्रेड किया जा रहा है, 6 करोड़ की वित्तीय सहायता का प्रस्ताव एमएफपीआई को भेज दिया गया है।

15) गोवाः

- नामित अधिकारियों और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ–साथ खाद्य सुरक्षा आयुक्त को अधिसूचित किया गया है। अपर कलेक्टर जनरल को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण का निर्माण प्रक्रियाधीन है।
- राज्य में 1 प्रयोगशाला है, जिसके लिए अंतर विश्लेषण किया गया है, और 3 स्तरीय सुपरवाइजर की नियुक्ति के प्रस्ताव के साथ रिपोर्ट भेज दी गई है।
- माइक्रोबायोलॉजिकल पैरामीटर के परीक्षण के लिए अधोसंरचना के विकास के लिए सहायता की आवश्यकता है और माइक्रोबायोलॉजिस्ट की भर्ती आवश्यक है।
- पंजीकरण और लाइसेंसीकरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। नामित अधिकारी लाइसेंसीकरण पर ध्यान देंगे और वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक पंजीकरण पर ध्यान देंगे।

- राज्य, आईटी आधारित पंजीकरण और लाइसेंसीकरण प्रणाली के क्रियांवयन के लिए एफएसएसएआई द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर का इंतजार कर रहा है।
- जागरुकता कार्यक्रम पर्चों, पुस्तिकाओं और टेलिविजन के माध्यम से तीन भाषाओं में शुरु किया गया है।
- राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने निम्नलिखित समस्याएं भेजी हैं:

  1) लाइसेंसीकरण की स्थिति में, उत्पादन प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए व्यक्ति की अलग–अलग योग्यताओं का उल्लेख किया गया है। चाहे रेस्तरां के मामले में ये योग्यताएं आवश्यक हों या न हों।

  2) एफएसएस अधिनियम, 2006 बताता है कि रिपोर्ट की चार कॉपियां डीओ को भेजी जानी हैं लेकिन एफएसएस नियम, 2011 में, खाद्य सुरक्षा आयुक्त को रिपोर्ट भेजे जाने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

  3) जहां सभी मौजूदा लाइसेंस राज्य के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

  4) जहां केंद्रीय लाइसेंसीकरण पर स्थानीय/राज्य एफएसओ का अधिकार क्षेत्र होगा।

  5) निर्णय करते समय, केवल ऐसे अपराधों को अधिनियम के प्रावधानों के तहत रखा गया है जिनके लिए जुर्माना लगाया जाता है। जहां राज्य खाद्य प्राधिकरण में दंड निधि को प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट अकाउंट प्रमुख होगा ताकि इस निधि का उपयोग क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए किया जा सके।

  6) पंजीकरण के तहत एफबीओ द्वारा भेजे जाने वाले वार्षिक कारोबार से संबंधित दस्तावेज का क्या प्रमाण है।

  7) आईपीसी के तहत खाद्य सुरक्षा अपराधों पर पुलिस कार्यवाही की जाएगी।

एफएसएसएआई के सीईओ ने ऐसे ही प्रश्नों को निम्नानुसार स्पष्ट किया है:

1) रेस्तरां में खाद्य प्रसंस्करण की निगरानी करने वाले व्यक्ति के पास लाइसेंस की शर्तों में उल्लिखित योग्यता होनी चाहिए जैसेकि होटल प्रबंधन और कैटरिंग टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा।

2) खाद्य विश्लेषक की दो प्रतियों में से एक डीओ को भेजी गई है, एक निर्णयादेश के समय एफएससी को अग्रेषित की जाएगी।

3) केंद्रीय और राज्य लाइसेंसीकरण की न्यायसीमा विनियमन में निर्दिष्ट कट ऑफ सीमा पर निर्भर करेगी। तदनुसार राज्य और केन्द्र डीओ से लाइसेंसीकरण रिकॉर्ड को ट्रांसफर करने की उम्मीद की जाती है।

4) किसी भी आपात स्थिति के पैदा होने के मामले में केन्द्र लाइसेंस प्राप्त इकाइयों पर स्थानीय एफएसओ का क्षेत्राधिकार होगा।

5) तत्संबंधित राज्य दंड जमा करने के लिए अकाउंट प्रमुख तय कर सकता है।

6) वार्षिक कारोबार से संबंधित एफबीओ द्वारा भेजे जाने वाले दस्तावेज के प्रमाणीकरण के संबन्ध में, फॉर्म में यह उल्लेख किया गया है कि कोई भी सहायक दस्तावेज यदि मौजूद है तो भेजा जा सकता है।

7) आईपीसी की विशेष धारा के संबन्ध में खाद्य सुरक्षा अपराधों के पुलिस संज्ञानों को शीघ्र ही स्पष्ट कर दिया जाएगा।

16) हरियाणा:

- खाद्य और औषधि के रूप में ज्ञात एक अलग विभाग की स्थापना की गई है। स्वास्थ्य विभाग से 200 पदों को इस विभाग में लाया गया है।
- खाद्य सुरक्षा आयुक्त अधिसूचित किए गए हैं।
- स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण को 1 वर्ष के लिए 21 जिलों में डीओ के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- हर जिले के लिए एक एफएसओ को अधिसूचित किया गया है और सरकार की मंजूरी के लिए 42 नए पदों की अनुशंसा की गई है।
- अतिरिक्त उपायुक्त को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- आईटी आधारित पंजीकरण तथा लाइसेंसीकरण और सुदृढीकरण की प्रक्रियाएं प्रक्रियाधीन हैं और प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया गया है।
- राज्य में 2 प्रयोगशालाएं हैं और 2 खाद्य विश्लेषकों को नए अधिनियम के तहत अधिसूचित किया गया है।
- खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण, सार्वजनिक वकीलों की नियुक्ति और विशेष अदालत की स्थापना का प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है।
- राज्य को एफएसएसएआई के प्रेरण प्रशिक्षण की उम्मीद है क्योंकि कोई औपचारिक प्रशिक्षण संस्थान या केन्द्र राज्य में विद्यमान नहीं है, जहां प्रशिक्षण आयोजित किया जा सकता है।
- नामित अधिकारियों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण अभी किया जाना है।

17) आन्ध्रप्रदेश:

- खाद्य सुरक्षा के लिए एक अलग विभाग का निर्माण किया जाना है।
- राजपत्रित खाद्य निरीक्षक और स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण को डीओ के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- 48 पूर्ण कालिक खाद्य निरीक्षकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- लाइसेंसीकरण और पंजीकरण प्रक्रिया को मौलिक संरचना के साथ मैन्युअली शुरु किया गया है।
- राज्य में पर्याप्त संरचना और कर्मियों सहित 1 प्रयोगशाला है।
- खाद्य विश्लेषक को अधिसूचित किया गया है।
- 2 और प्रयोगशालाएं अपग्रेड की जा रही हैं।
- एडीएम निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिसूचित है और प्रेरण प्रशिक्षण किया जा चुका है।
- विशेष अदालत की स्थापना, खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण और सर्वजनिक वकील की नियुक्ति विचाराधीन है।
- एफएसओ के लिए प्रेरण प्रशिक्षण और 12 डीओ को पूर्ण किया जा चुका है।

- राज्य अपनी पायलेट टेस्टिंग और आईआईएम, बैंगलोर द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट का इंतजार कर रहा है, जिसके आधार पर खाद्य सुरक्षा योजना तैयार की जा सकती है।

18) चंडीगढ़:

- खाद्य सुरक्षा आयुक्त और सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त अधिसूचित किए गए हैं।
- उपायुक्त को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है और 3 एफएसओ को अधिसूचित किया गया है।
- खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से स्थानीय क्षेत्र के मुताबिक खाद्य सुरक्षा योजना तैयार करने के लिए कहा गया है।
- खाद्य सुरक्षा अधिकारी को प्रेरण प्रशिक्षण दिया गया है।
- राज्य में उसकी खुद की कोई प्रयोगशाला नहीं है और पंजाब और हरियाणा की प्रयोगशाला के साथ काम किया जाता है।
- राज्य की स्वयं की प्रयोगशाला की स्थापना का प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है।
- खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण का निर्माण प्रक्रियाधीन है।
- विशेष अदालतों के लिए अतिरिक्त जिला सत्र न्यायधीश अधिसूचित किया गया है, और सार्वजनिक वकीलों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।
- एफबीओ के साथ बैठक के माध्यम से, और दंड व अपराधों के बारे में विज्ञापन देकर जागरुकता कार्यक्रम शुरु किया गया है क्योंकि त्यौहारी सीजन चल रहा है।

19) कर्नाटक:

- जिला निगरानी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी को नामित अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- 130 खाद्य सुरक्षा अधिकारी अधिसूचित किए गए हैं।
- निर्णायक अधिकारी की अधिसूचना प्रक्रियाधीन है।
- राज्य में 4 प्रयोगशालाएं हैं, जिसमें से 1 अपग्रेडेशन की प्रक्रिया में है।
- सभी प्राधिकरणों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

20) जम्मू और कश्मीर:

- खाद्य सुरक्षा के लिए एक अलग खाद्य एवं औषधि प्रशासन की स्थापना की गई है।
- खाद्य सुरक्षा आयुक्त को सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है।
- 22 जिले हैं, 25 डीओ की नियुक्ति की गई है, जिसमें से दो नगर निगम के तहत और एक डीओ केन्द्र के तहत काम करेंगे।
- पंजीकरण और लाइसेंसीकरण की प्रक्रिया अब तक शुरु नहीं हुई है।
- आईटी आधारित पंजीकरण प्रणाली अब तक शुरु नहीं की गई है।
- राज्य में 2 प्रयोगशालाएं हैं, जिसके लिए अंतर विश्लेषण पूर्ण किया जा चुका है।
- निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।
- खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना अभी तक नहीं की गई है।
- एफएसओ के लिए प्रेरण प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है, लेकिन डीओ के लिए प्रशिक्षण अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

- एफएसओ और डीओ दोनों पंजीकरण प्राधिकरण के लिए क्षेत्राधिकार का दावा कर रहे हैं और सीईओ के द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि पंजीकरण प्राधिकरण एफबीओ के पास रहेगा और यह आसान दृष्टिकोण की सुविधा प्रदान कर सकेगा ताकि एफएसओ पंजीकरण प्राधिकरण के लिए उपयुक्त हो।

21) हिमाचल प्रदेशः

- स्वास्थ्य सुरक्षा और नियमन के अलग निदेशालय राज्य में बनाए गए हैं।
- खाद्य सुरक्षा आयुक्त, नामित अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।
- पंजीकरण और लाइसेंसीकरण की मैन्युअल प्रक्रिया शुरु हो चुकी है और आईटी आधारित पंजीकरण प्रक्रिया के लिए परामर्श एनआईसी है।
- राज्य प्रयोगशालाओं के लिए अंतर विश्लेषण किया जा चुका है और एनएबीएल मानदंड के अनुसार अपग्रेडेशन की प्रक्रिया में है।
- खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना और विशेष अदालत प्रक्रियाधीन है।
- खाद्य सुरक्षा योजना का विकास प्रारंभिक चरण पर है, और आवश्यक प्रयास प्रक्रियाधीन हैं।
- खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने निम्नलिखित समस्याओं पर विचार–विमर्श कियाः

  सैंपल को 05–08–2011 से पहले पीएफए अधिनियम, 1954 के तहत एकत्र किया गया था जबकि खाद्य सैंपल से संबंधित मुकदमे या अन्य गतिविधियां एफएसएस अधिनियम, 2006 के प्रावधान के अनुसार या पीएफए अधिनियम, 1954 से पहले लागू प्रावधान के अनुसार बनाए जाएंगे। सीईओ के द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि कानून सैंपलिंग वाले दिन या अपराध किए जाने वाले दिन ही लागू होगा। इसलिए 05/08/2011 से पहले की तिथियों से संबंधित मामलों को पीएफए प्रावधान के तहत शुरु किया जाएगा।

22) मेघालयः

- खाद्य सुरक्षा विभाग को अधिसूचित किया गया है और राज्य में खाद्य सुरक्षा आयुक्त को नियुक्त किया गया है।
- पीएफए के तहत लाइसेंसीकरण को बन्द किया जाएगा और नए अधिनियम के तहत जारी रखा जाएगा।
- खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंजीकरण के कार्य पर ध्यान देंगे और लाइसेंसीकरण के कार्य पर नामित अधिकारी द्वारा ध्यान दिया जाएगा।
- पंजीकरण की आईटी आधारित प्रणाली प्रक्रियाधीन है।
- राज्य की प्रयोगशाला भली–भांति सुसज्जित नहीं है, बुनियादी सुविधाओं का अभाव है लेकिन अंतर विश्लेषण कर लिया गया है।
- राज्य उसका खुद का खाद्य विश्लेषक नहीं है और असम सरकार के खाद्य विश्लेषक की सेवाओं का उपयोग किया जा रहा है।
- जिले के एडीएम को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना प्रक्रियाधीन है।

उप–तकनीकी सलाहकार, खाद्य और पोषण बोर्ड, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने व्यक्त किया कि वे एफएसएसएआई के द्वारा अंतिम रूप दिए जाने के लिए विश्लेषण के प्रभारों और गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं के समर्थन की इच्छा है। डब्ल्युसीडी की चौन्नई, मुंबई, कलकत्ता और दिल्ली मे स्थित चार प्रयोगशालाएं भी हैं। लेकिन, आईसीडीएस के लिए खाद्य सैम्पल के परीक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा और अधिक प्रयोगशालाओं की सेवाओं की आवश्यकता है। अध्यक्ष ने जवाब दिया कि एनएबीएल अनुमोदित प्रयोगशालाओं के प्रभारों को पहले ही एफएसएसएआई के द्वारा पुनर्गठित कर लिया गया है और विवरण वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधि श्री आर. देसीकन ने जोर दिया कि एफएसएसएआई को खाद्य सुरक्षा में लगे सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में स्थित 4 प्रशिक्षण संस्थान निर्धारित करना चाहिए। उन्होनें यह भी बताया कि राज्य हमेशा किसी भी समय–सीमा के बिना खाद्य सुरक्षा के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास का वादा करते रहते हैं।

कार्यसूची मद सं. 4ए और 4बी

खाद्य बिजनेस ऑपरेटरों की एफएसएसएआई की केन्द्रीकृत लाइसेंसीकरण और पंजीकरण प्रणाली पर प्रस्तुतिकरण एनआईएसजी के अधिकारियों के द्वारा दिया गया था। प्रस्तुतिकरण का मुख्य सार राज्यों के लिए खाद्य बिजनेस ऑपरेटरों की एक एकीकृत, केन्द्रीकृत, सुरक्षित, स्केलेबल, कंप्यूटरीकृत लाइसेंसीकरण और पंजीकरण प्रणाली विकसित करने का था जो एफबीओ के लिए न केवल एक सहज इंटरफेस उपलब्ध कराएगी बल्कि एफबीओ से बड़ी संख्या में आवेदनों का प्रबन्धन करने के लिए राज्य प्राधिकरण भी तैयार करेगी। इसके लिए एक प्रदर्शन विभिन्न राज्यों/स.शा. प्रदेशों के अधिकारियों के लिए दिया गया। एनआईएसजी ने बताया कि हर डीओ को उनके परिसर में एक सप्ताह का प्रशिक्षण और 3 माह के लिए पीएमयू (न्यूनतम चार लोग) के रूप में कर्मचारी देकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा कार्यालय पर राज्यों का समर्थन करने का प्रस्ताव है। एक वर्ष के लिए पर्यवेक्षण और रखरखाव भी प्रदान किया जाएगा। एफएसएसएआई ने उल्लेख किया कि यह सॉफ्ट्वेयर संभवतः अक्टूबर के पहले सप्ताह से उपलब्ध हो जाएगा। एक सदस्य की ओर से यह पूछा गया कि सैंपलिंग, संग्रह और रिपोर्ट आदि की दिशा में सॉफ्टवेयर में वृद्धि करने का स्कोप है या नहीं। सीईओ ने बताया कि मोबाइल आधारित मौके पर ही सैंपल कोड जनरेट करने की प्रणाली समेत समग्र ईगवर्नेंस प्रणाली बनाने की योजना है। यह उल्लेख किया गया कि ऐसे राज्य जहां आवश्यक हार्ड्वेयर और बुनियादी सुविधाएं हैं एनएसआईएसजी से संपर्क कर सकते हैं और बाद में एनएसआईएसजी राज्य की आवश्यकतानुसार राज्य के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर में विशेष परिवर्तन कर पाएगी। इन परिवर्तनों में 1 माह का समय लगेगा। इसलिए, एक राज्य सं.शा. क्षेत्रों में इस परियोजना को शुरु करने के लिए 2 माह का समय दिया गया है।

एक सदस्य ने वर्तमान सॉफ्टवेयर में निलंबन या रद्द विवरण को शामिल करने का सुझाव दिया और सुझाव दिया कि केंद्रीय और राज्य व्यवस्था अलग–अलग होनी चाहिए।

कार्यसूची मद सं. 5ए और 5बी

प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर डॉ. जे.पी. डोंगरे के प्रस्तुतिकरण में मुख्यतः कवर किया गया है कि राज्य में अधिकारियों के लिए पहले से ही आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम और एफएसएस नियम और विनियम के तहत नए प्रावधानों के सुदृढीकरण के लिए नियमकों के लिए वांछ्नीय ज्ञान और संचार कौशल प्रदान करने के लिए निकट भविष्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

कार्यसूची मद सं. 6 राज्यों/स.शा. क्षेत्रों के लिए सूचना अद्धतन प्रणाली–निर्धारित प्रारूप में मासिक रिपोर्ट

यह आग्रह किया गया था कि सभी राज्यों/स.शा.क्षेत्रों को एफबीओ पर सूचना प्रदान करनी चाहिए और इस प्रयोजन के लिए दो स्वरूपों में सैंपलिंग परिचालित की गई है। इसी प्रकार, राज्यों/स.शा. क्षेत्रों से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर अद्धतन की जा सकती है और वेबसाइट तक पहुंच बनाने के लिए पासवर्ड राज्यों को भेज दिये गए हैं।

कार्यसूची मद सं. 8 शिकायत मशीनरी की स्थापना/प्रत्येक राज्य में हेल्पलाइन/स.शा.प्रदेश–शिकयतों/खेद की हैंडलिंग के लिए नोडल अधिकारियों का नामांकन

सीईओ के द्वारा यह सुझाव दिया गया था कि हर राज्य को एक नोडल अधिकारी नामित किया जाना चाहिए और शिकयतों/खेद की हैंड्लिंग के लिए ई–मेल पता बनाया जाना चाहिए और अपनी जानकारी का विवरण देने के लिए एक अलग वेबसाइट होने का सुझाव दिया।

कार्यसूची मद सं. 9 माइक्रोबाइयोलॉजिकल परीक्षण के लिए सैंपलिंग प्रक्रिया पर प्रस्तुतिकरण

माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण के लिए सैंपलिंग प्रक्रिया पर प्रस्तुतिकरण एफएसएसएआई के एडीजी (पीएफए) डॉ. धीर सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया था जिसने विभिन्न माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण के लिए उपकरण और सैंपलिंग का पालन किए जाने के लिए स्वच्छ प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। एक सदस्य के द्वारा यह सुझाव दिया गया था कि एफएसओ को इन माइक्रोबायोलॉजिकल सैंपलिंग परीक्षण के बारे में अच्छी तरह प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और तापमान रखरखाव और सड़न रोकनेवाली पैकिंग के लिए प्रक्रिया स्थापित की जानी चाहिए। एफएसएसएआई के सीईओ ने स्पष्ट किया कि माइक्रोबायोलॉजिकल सैंपलिंग के मामले में एफबीओ और एफएसओ दोनों के लिए रोगाणुहीन किट का विकास करने के लिए एक तंत्र निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने माइक्रोबायोलॉजिकल सैंपलिंग प्रक्रिया पर भी एफबीओ के प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

कार्यसूची मद सं. 10 जोखिम विश्लेषण पर प्रस्तुतिकरण

जोखिम प्रबंधन पर प्रस्तुतिकरण एनएसआईजी के द्वारा बनाया गया था। प्रस्तुतिकरण ने जोखिम विश्लेषण की संरचना पर प्रकाश डाला जो कि मूलतः खाद्य सुरक्षा नियंत्रण के लिए एक नया दृष्टिकोण है। खाद्य प्रसंस्करण के किसी भी चरण पर घटने वाले जोखिमों का प्रभावी रूप से प्रबन्धन करने के लिए संरचना मे तीन घटक शामिल हैं और वे हैं– जोखिम मूल्यांकन, जोखिम प्रबन्धन और जोखिम संचार। सभी घटकों के बीच संतुलन से प्रभावी जोखिम प्रबन्धन प्रणाली को बढावा मिलेगा।

कार्यसूची मद सं. 11 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की 12वीं पंचवर्षीय योजना के प्रस्ताव का ड्राफ्ट

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की 12वीं पंचवर्षीय योजना के प्रस्ताव के ड्राफ्ट पर प्रस्तुतिकरण एफएसएसएआई के उप निदेशक श्री संजय सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके तहत प्राधिकरण के लक्ष्य को पाने के लिए बनाई जाने वाली सभी कार्ययोजनाओं की चर्चा की गई। चर्चा के मुख्य बिन्दु थे – अनुसन्धान एवं विकास केन्द्र, प्रवर्तन लाइसेंस संरचना, खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं, उपभोक्ताओं हितधारकों के बीच जागरुकता।

सीएसी की 5वीं बैठक के कार्रवाई बिंदुः बैठक के दौरान आयोजित की गई चर्चा के आधार पर कार्यान्वयन के निम्नलिखित बिंदु उभरे।

1. राज्य/स.शा. क्षेत्रों में एफएसएस अधिनियम के प्रभावी क्रियांवयन से संबंधित मुद्दों पर स्पष्टीकरण समय–समय पर जारी किया जाएगा जिन्हें एफएसएसएआई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।
2. सभी स्पष्टीकरणों को अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों या अन्यथा के रूप में संबोधित और अपलोड किया जाएगा।
3. राज्य और केन्द्र स्तर पर संरचना क्रियांवित करने के लिए समय रेखा तय की जानी चहिए।
4. खाद्य सुरक्षा पर राज्य स्तर पर वेबसाइट और हेल्पलाइन तैयार करना और एफएसएसएआई की वेबसाइट और हेल्पलाइन के साथ उनका एकीकरण करना।
5. लाइसेंस के ट्रांसफर के संबन्ध में यह हो सकता है कि इकाई केंद्रीय लाइसेंसीकरण के तहत कार्य करे लेकिन रिकॉर्ड राज्य के साथ मौजूद हैं, अतः उन रिकॉर्डों को राज्य के संबंधित नामित अधिकारी के द्वारा केन्द्र को और कट ऑफ सीमा/ क्षमता के आधार पर केन्द्र से राज्य को ट्रांसफर किया जाना है।
6. प्रणाली के प्रभावी कार्यप्रणाली के लिए संबंधित क्षेत्र मे विशेषीकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और पूर्णकालिक नामित अधिकारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए।
7. अधिनियम के तहत सभी वैधानिक कार्यप्रणाली की नियुक्ति करते समय इस पर नियम 2011 और एफएसएस अधिनियम 2006 के तहत निहित रैंक और योग्यता के आधार पर विचार किया जाना चाहिए। यदि किसी बदलाव का सुझाव दिया जाता है, तो इस पर मंत्रालय/विभाग के कानून द्वारा संचालित और परामर्श किया जाना चाहिए।
8. राज्यों/स.शा.क्षेत्रों को समयबद्ध तरीके से पंजीकरण प्राधिकरण को सूचित करना होता है। तब पंजीकरण इस तरह होना चाहिए कि पंजीकरण प्राधिकरण एफबीओ के सरलतम दृष्टिकोण के भीतर हो।
9. जागरुकता लाने के लिए एफएसएसएआई 12वीं पं.व.यो. के तहत पर्याप्त बजट के साथ एक महत्वाकांक्षी योजना बना रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए पंचायतों, नगर निकायों और एफबीओ के साथ बातचीत शुरु कर सकते हैं।
10. बड़ी संख्या में या तो खाद्य विज्ञान या खाद्य प्रौद्योगिकि या खाद्य एवं पोषण में डिग्री रखने वाले खाद्य सुरक्षा पेशेवरों की भर्ती से संबंधित योजना। यह उल्लेख किया गया था कि कॉलेज या संस्थानों में खाद्य सुरक्षा का पाठ्यक्रम तय करने के लिए ऑडिटिंग एजेंसियों, खाद्य तकनीकि संस्थानों के पेशेवरों समेत 2 और 3 नवंबर को एफएसएसएआई एक वर्कशॉप आयोजित करेगा।
11. पुरस्कार के लिए राज्य सरकार को अधिनियम में उल्लिखित फंड के प्रभावी उल्लेख के लिए नियम बनाने पड़ते हैं।
12. शुरुआत में एफएसओ, डीओ और एओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्रीय प्राधिकरण द्वारा आयोजित किए गए लेकिन भविष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा उनके संबंधित प्रशिक्षण संस्थानो में आयोजित किए जाएंगे। ऐसे प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इस प्रयोजन से देश के विभिन्न भागों में 5–10 संस्थान क्षमता निर्माण के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं।

13. डीओ और एफएसओ के प्रशिक्षण के लिए एक विस्तृत पाठ्यक्रम भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान द्वारा तैयार किया गया है और अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण तद्नानुसार प्रदान किया जाएगा।
14. आईआईएम, बैंगलोर ने पंचायतों के लिए खाद्य सुरक्षा योजना तैयार कर ली है जिसकी चर्चा के.स.स. की अगली बैठक मे की जाएगी।
15. राज्यों/स.शा.क्षेत्रों को अपने लंबित मामले प्राधिकरण के साथ शेयर करने होंगे ताकि उन पर उचित कार्यवाही की जा सके। यह नीति राज्यों के लिए और अधिक विशिष्ट होगी और इसे गंभीर और गैर–गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। इसके लिए मार्गदर्शक सिद्धांत निर्धारित किया जाना है।
16. राज्यों/स.शा.क्षेत्रों को लाइसेंसीकरण/पंजीकरण की ऑनलाइन प्रणाली शुरु करने की अपनी रुचि की पुष्टि करनी होगी।
17. आईटी सक्षम लाइसेंसीकरण और पंजीकरण के संबन्ध में, प्राधिकरण समयबद्ध तरीके से इंतजार कर रही है कि कितने राज्य इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहते हैं। तदा नुसार एजेंसियां इस सॉफ्टवेयर को कस्टमाइज करने के लिए आवंटित की जाएंगी। एफएसएसएआई राज्य अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सर्वर प्रदान करेगा और उनका रखरखाव करेगा और नामित अधिकारियो और खाद्य सुरक्षा आयुक्त के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित करके सॉफ्टवेयर का लाइसेंसीकरण के लिए एक निश्चित संख्या में श्रम शक्ति प्रदान करेगा।
18. मोबाइल प्रयोगशाला और तीव्र परीक्षण विकसित किया जा रहा है। वैधता का परीक्षण तीव्र परीक्षण किट में आयोजित किया जाना है।
19. राज्य जिन्होनें वर्ष 2010 के लिए अपनी रिपोर्ट नहीं दी है उन्हें जल्द से जल्द भेजना है।

बैठक सभी को धन्यवाद देते हुए समाप्त हुई।

.....

अनुलग्नक–1

दिनांक 27 सितंबर, 2011, को होटल ताज विवांता, नई दिल्ली में 11.00 बजे आयोजित एफएसएसएआई की केंद्रीय सलाहकार समिति की पांचवीं बैठक के दौरान निम्नलिखित व्यक्ति उपस्थित थे।

1. श्री वी. एन. गौड़, अध्यक्ष, सीएसी एवं सीईओ, एफएसएसएआई
2. श्री सतीश चंद्रा, खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं प्रधान सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) चंडीगढ़, पंजाब
3. श्रीमती स्तुति केकर, प्रधान सचिव, लखनऊ
4. श्री आर. देशिकरन, ट्रस्टी, कंसर्ट, चेन्नई
5. श्री यू.के. मित्रा, खाद्य सुरक्षा उपायुक्त, अरूणाचल प्रदेश
6. डॉ. रवि शंकर ककर, उपनिदेशक, पी.एच.आई., बैंगलोर, कर्नाटक
7. श्री प्रदीप चोरडिया, चोरडिया फूड प्रोडक्ट्स लिमि., पुणे
8. श्री बी.सी. जोशी, उपायुक्त, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, नई दिल्ली
9. श्री. के.डब्ल्यू. मरबानिएग, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मेघालय
10. डॉ (श्रीमती) पी. सुचरित्रा मूर्ति, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, आंध्र प्रदेश
11. डॉ अनिल शर्मा, सलाहकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तराखंड
12. डॉ बी. एल. शर्मा, जे.डी.आर.एम, प्रतिनिधि खाद्य आयुक्त, राजस्थान
13. डॉ. एच.जी. कोशिया, आयुक्त, एफडीसीए, गुजरात
14. श्री. महेश सोनी, उपसचिव (एफडीसीए), गुजरात

15 श्री आर.एस. पाल, नामित अधिकारी, कार्यालयः खाद्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तराखंड

16. श्री के.एस. सिंह, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, दिल्ली
17. श्री आर.एम. शर्मा, राज्य औषधि नियंत्रक एवं संयुक्त आयुक्त (एफडीए), पंचकुला
18. श्री सलिम ए. वेलजी, निदेशक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन और अपर आयुक्त खाद्य सुरक्षा, गोवा
19. श्री टेखम ब्रोजेंद्रो खाबा मेटई, उपायुक्त खाद्य सुरक्षा, मणिपुर
20. श्री सतिश गुप्ता, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, जम्मू एवं कश्मीर
21. श्री गिरिजा वैद्यनाथन, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, तमिलनाडू

22. श्री संजय प्रसाद, निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

23. डॉ एस सी खुराना, कृषि एवं सहकारिता के विपणन एवं निरीक्षण विभाग का निदेशालय, कृषि मंत्रालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, फरीदाबाद विपणन एवं निरीक्षण विभाग के निदेशालय

24. सुश्री अर्चना अग्रवाल, सचिव एवं आयुक्त, एफडीए, उत्तर प्रदेश

25. डॉ. जी.एस भुल्लर, उपनिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चंडीगढ़, पंजाब

26. डॉ जी. एल. उपाध्याय, उप खाद्य सुरक्षा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग, पुडुचेरी

27. श्री महेश जगड़े, आयुक्त खाद्य सुरक्षा, महाराष्ट्र

28. श्री अश्विनी कुमार राय, आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्य प्रदेश

29. श्री के. सुब्राह्मानियम, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, चंडीगढ़

30. श्री जी,एच. राठौड़, संयुक्त आयुक्त (एफडीए), महाराष्ट्र

31. श्री रोहित जामवाल, संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त, हिमाचल प्रदेश

32. डॉ. आर.टी. पोरके पांडियन, निदेशक, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं निवारक औषधि, चेन्नई

33. श्री समीर बारडे, सहायक सचिव जनरल, फिक्की, नई दिल्ली

34. डॉ. एस. प्रेमी, प्रधिनिधि संयुक्त सचिव, डॉ श्रीरंजन, उपतकनीकी सलाहकार, खाद्य एवं पोषण बोर्ड, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

35. डॉ सतबीर सिंह, एसएमओ एवं डीओ, चंडीगढ़

36. श्री आर.के. आहूजा, नामित अधिकारी, पीएफए विभाग, भारत सरकार, दिल्ली

37. श्री एच.जी. उप्रेती, सलाहकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली

* यह नोट किया जा सकता है कि प्रतिभागियों के नाम उपस्थिति सूची में दर्ज क्रम में व्यवस्थित किए गए है और इनमें वरिष्ठता क्रम का अनुसरण नहीं किया गया है। नाम की वर्तनी में यदि कोई भूल है, तो उसके लिए खेद है।